28/11/25 पत्रावली पेश हुई। वकील हड़ताल रहा। वास्ते बहस हेतु दिनांक 12/12/25 को पेश हो।

12/12/25 पत्रावली पेश हुई आज ............ अधिवक्ता ............ की ओर से कार्य स्थगन रखा गया। पत्रावली पूर्व आदेशानुसार दिनांक 2/1/26 को पेश हो।

2/1/26 पत्रावली पेश हुई। वकील हड़ताल रहा। तहसील रिपोर्ट प्राप्त। वास्ते बहस हेतु दिनांक 6/2/26 को पेश हो।

6/2/26 पत्रावली पेश हुई आज बार ............ की ओर से कार्य स्थगन रखा गया। पत्रावली पूर्व आदेशानुसार दिनांक 11/2/26 को पेश हो।

11/2/26 पत्रावली पेश हुई। वकील वादी उपस्थित। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर पत्रावली के आदेश किया जाते है। पत्रावली फैसल शुमार होकर न: लेकम हो।

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी अराई (अजमेर)

विधिक राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या 110/2022

1— इन्द्रा पुत्री सुरतानाथ उम्र बालिग जाति जोगी
2— कैलाशी पुत्री सुरतानाथ उम्र बालिग जाति जोगी
3. बाबूनाथ पुत्र सुरतानाथ उम्र बालिग जाति जोगी
4.मंगलनाथ पुत्र हनुमाननाथ उम्र बालिग जाति जोगी
5— महावीरनाथ पुत्र भंवरनाथ उम्र बालिग जाति जोगी
6— रेखा देवी पुत्री भवंरनाथ उम्र बालिग जाति जोगी
7— मीरा देवी पत्नी लक्ष्मणनाथ उम्र बालिग जाति जोगी
8— राहुलनाथ पुत्र लक्ष्मण नाथ उम्र बालिग जाति जोगी
9— शोभराजनाथ पुत्र लक्ष्मणनाथ उम्र बालिग जाति जोगी
10— प्रियंकानाथ पुत्री लक्ष्मणनाथ उम्र बालिग जाति जोगी
11— शम्भुनाथ पुत्र प्रतापनाथ उम्र बालिग जाति जोगी
12— सुखदेवनाथ पुत्र सुरतानाथ उम्र बालिग जाति जोगी
13— सीमा पुत्री सुरतानाथ उम्र बालिग जाति जोगी
1 से 13 सर्व निवासी ग्राम गूजरवाडा तहसील अरांई जिला अजमेर राजस्थान

प्रार्थीगण

बनाम

1— भुवाननाथ पुत्र नन्दानाथ उम्र बालिग जाति जोगी
2— भागचन्द पुत्र मिश्रीनाथ उम्र बालिग जाति जोगी
3— धर्मानाथ पुत्र मिश्रीनाथ उम्र बालिग जाति जोगी
4— प्रहलाद नाथ पुत्र मिश्रीनाथ उम्र बालिग जाति जोगी
5— सम्पति पुत्री मिश्रीनाथ उम्र बालिग जाति जोगी
6— गीता पुत्री मिश्रीनाथ उम्र बालिग जाति जोगी
7— चुंका पुत्री मिद्रीनाथ उम्र बालिग जाति जोगी
8— मनराज पुत्री मिश्रीनाथ उम्र बालिग जाति जोगी
9— सन्तोकनाथ पुत्र नन्दानाथ उम्र बालिग जाति जोगी
10— लादूनाथ पुत्र कानानाथ उम्र बालिग जाति जोगी
11— जगदीशनाथ पुत्र गोदुनाथ उम्र बालिग जाति जोगी
12— बजरंगनाथ पुत्र नाथूनाथ उम्र बालिग जाति जोगी
13— भवंरनाथ पुत्र नाथूनाथ उम्र बालिग जाति जोगी
14— रूकमा पुत्री नाथूनाथ उम्र बालिग जाति जोगी
15— सीमा पुत्री नाथूनाथ उम्र बालिग जाति जोगी
1 से 15 सर्व निवासी ग्राम गूजरवाडा तहसील अरांई जिला अजमेर राजस्थान
16— तहसीलदार अरांई तहसील अरांई जिला अजमेर राज०

अप्रार्थीगण

**निर्णय प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू.राजस्व अधिनियम 1956 के तहत**

निर्णय दिनांक

वकील वादी श्री विजेन्द्र सिंह एडवोकेट

प्रार्थीगण की और से एक प्रार्थना पत्र वकील श्री विजेन्द्रसिंह एडवोकेट .द्वारा अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम के तहत पेश किया गया । वकील वादी ने निवेदन किया कि प्रार्थीगण की खातेदारी की भूमि ग्राम गुजरवाडा, पटवार हल्का गुजरवाडा, भू—अभिलेख निरिक्षक

WV

क्षेत्र ढसुक, तहसील–अरांई, जिला अजमेर राजस्थान में स्थित है जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :–

| खाता संख्या | | खसरा संख्या | क्षेत्रफल | किस्म |
|---|---|---|---|---|
| नया | पुराना | | | |
| 111 | 145 | 89 | 0.0566 हे० | गे०मु०. बाडा |
| 146 | 112 | 90 | 0.2508 हे0 | बारानी 1 |

जिसमें प्रार्थीगण बदस्तुर खातेदार काश्तकार काबिज चले आ रहे है तथा प्रार्थीगण के नाम राजस्व रेकार्ड मे खातेदारी मे खातेदारी का अमल दरामद है एंव राजस्व नक्शा ट्रेस में भी प्रार्थीगण के नाम भूमि का इन्द्राज चला आ रहा है।अप्रार्थीगण 1 से 9 खसरा संख्या 113 क्षेत्रफल 1.0436 गुजरवाडा, पटवार हल्का–ढसुक, तहसील अरांई, जिला हेक्टेयर किस्म बारानी 2 वाके ग्राम गुजरवाडा, भू–अभिलेख निरिक्षक क्षेत्र अजमेर राजस्थान में इन्द्राज है व रेकार्ड खातेदार है। उक्त भूमि पपद तमक प्रार्थीगण के पश्चिम दिशा में स्थित है। प्रार्थीगण व अप्रार्थीगण संख्या 1 से की भूमि एक दुसरें की भूमि के साथ संलग्न है। अप्रार्थीगण संख्या 10 खसरा नम्बर 408/113 क्षेत्रफल 1.0517 हेक्टेयर भूमि किस्म बारानी 2. प्रार्थीगण के पश्चिम दिशा ने खसरा संख्या 91 क्षेत्रफल 0.2184 हेक्टेयर भूमि किस्म बारानी 1 प्रार्थीगण के उत्तर दिशा में स्थित है। उक्त भूमि ग्राम गुजरवाडा, पटवार हल्का–गुजरवाडा, भू–अभिलेख निरिक्षक क्षेत्र ढसुक, तहसील– अरांई, जिला अजमेर राजस्थान में स्थित है, का अप्रार्थीगण संख्या 10 रेकार्ड खातेदार है एंव प्रार्थीगण ओर अप्रार्थीगण संख्या 10 की भूमि एक दुसरें के साथ सलंग्न है। अप्रार्थीगण संख्या 11 से 15 की भूमि खसरा संख्या 409/113 क्षेत्रफल 1.0598 हेक्टेयर किस्म बारानी 1 भूमि प्रार्थीगण के पश्चिम दिशा में है जो ग्राम गुजरवाडा, पटवार हल्का गुजरवाडा, भू–अभिलेख निरिक्षक क्षेत्र ढसुक. तहसील अराई, जिला अजमेर राजस्थान में स्थित है। प्रार्थीगण व अप्रार्थीगण संख्या 11 से 15 की भूमि एक दुसरें के साथ संलग्न है। प्रार्थीगण की कृषि भूमि के दक्षिण दिशा मे रास्ता जिसके खसरा संख्या 88 है, प्रार्थीगण की कृषि भूमि के दक्षिण दिशा में खसरा संख्या 86 आबादी भूमि है तथा प्रार्थीगण की कृषि भूमि के साथ संलग्न है। खसरा संख्या 89, 90 का खातेदार लक्ष्मणनाथ पुत्र प्रतापनाथ का स्वर्गवास हो चुका है, प्रार्थीगण के विरासत का नामान्तकरण वर्तमान में राजस्व रेकार्ड में दर्ज नहीं किया गया है जिसके विधिक वारिस प्रार्थीगण संख्या 7 से 10 है जिनको उक्त प्रार्थना पत्र मे पक्षकार बनाया गया है।खसरा संख्या 113 का सह–खातेदार मिश्रीनाथ पुत्र नन्दानाथ का स्वर्गवास हो चुका है परन्तु राजस्व रेकार्ड मे उनका विरासत का नामान्तकरण का वर्तमान मे इन्द्राज नहीं हुआ है, जो अप्रार्थीगण संख्या 2 से 8 इनके विधिक वारिस है जिनका नाम राजस्व राजस्व रेकार्ड मे बतौर खातेदार दर्ज नहीं हुआ है जिनको की प्रार्थना पत्र मे पक्षकार बनाया गया है। प्रार्थीगण एंव अप्रार्थीगण संख्या 1 से 15 के मध्य उपरोक्त कृषि भूमि बाबत दिन प्रतिदिन सीमा को लेकर विवाद होता रहता है एंव अप्रार्थीगण आये दिन प्रार्थीगण की भूमि की सीमा में हस्तक्षेप करते रहते है जिस कारण से प्रार्थीगण व अप्रार्थीगण के मध्य विवाद रहता है।अप्रार्थीगण आये दिन प्रार्थीगण की कृषि भूमि की सीमाओं मे छेडछाड करते रहते है जिससे सीमाओं को लेकर आये दिन विवाद होता रहता है। उपरोक्त खसरा नम्बर के मध्य सीमा विवाद होने की वजह से अप्रार्थीगण संख्या 1 से 15 द्वारा आये दिन प्रार्थीगण के साथ उसके खातेदार भूमि की कृषि भूमि पर विवाद उत्पन्न करने की वजह से उन्हें सीमाओं के पत्थरगढी हैतु एंव सीमाज्ञान करवाने हेतु कई बार निवेदन किया गया परन्तु उपरोक्त अप्रार्थीगण कार्यवाही में भागीदार बनने के कतई इच्छुक नहीं रहे। इस वजह से प्रार्थीगण व अप्रार्थीगण 1 से 15 के मध्य सीमाओं का विवाद बदस्तुर है। प्रार्थीगण एंव अप्रार्थीगण 1 से 15 के मध्य स्पष्ट रेवेन्यु नक्शा ट्रेस राजस्व रेकार्ड मे मोजुद है इसलिये प्रार्थीगण को उपरोक्त राजस्व नक्शा ट्रेस अनुसार सीमाओं के निस्तारण हेतु यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक हुआ। प्रार्थीगण एंव अप्रार्थीगण संख्या 1 से 15 की खातेदारी भूमियों के राजस्व नक्शा ट्रेस अनुसार सीमाओं का

W2

भोतिक सत्यापन करवाकर पत्थरगढी करवाई जाने हेतु निवेदन किया गया है । वाद कारण निरन्तर जारी है।

प्रकरण दिनांक 27.10.2024 को दर्ज रजिस्टर किया गया । तथा नोटिस तामिली हेतु भिजवाये गये। तामिली रिपोर्ट प्राप्त हुई । दिनांक 2.1.2026 को बावजूद तामिली अनुपस्थित रहने पर को प्रतिवादी गण विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की गई । बहस सुनी गई ।

हमारे द्वारा पत्रावली का अवलोकन किया गया। :पत्रावली में संलग्न दस्तावेजात का अवलोकन व मनन किया गया । वकील वादी की बहस सुनी गई । प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम स्वीकार किया जाता है एवं ग्राम ग्राम गुजरवाडा, पटवार हल्का गुजरवाडा, भू–अभिलेख निरिक्षक क्षेत्र ढसुक, तहसील–अरांई. जिला अजमेर के खसरा संख्या 89 क्षेत्रफल 0.0566 है0 एवं खसरा नं0 90 क्षेत्रफल 0.2508 हैक्टेयर भूमि का राजस्व रिकार्ड अनुसार मौके पर नाप चौक कर पत्थरगढी करने हेतु तहसीलदार अरांई को कमिश्नर फीस 1000/–रु पर कमिश्नर नियुक्त किया जाकर आदेश दिया जाता है कि प्रार्थीगण द्वारा कमिश्नर फीस 1000/– रु जमा करवाने पर वे मौके पर उपस्थित होकर उक्त वाद ग्रस्त भूमि का पक्षकारान की उपस्थिति में नाप चौक कर पत्थरगढी के आदेश दिये जाते है।

आदेश मेरे द्वारा लिखाया जाकर आज दिनांक 11/2/26 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर हस्ताक्षरित किया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

उपखण्ड अधिकारी
अंराई (अजमेर)